अमर उजाला

स्वस्थ भारत यात्रा पंजाब के लिए रवाना

Mon, 03 Dec 2018

कठुआ। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से ईट राइट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा को कठुआ से पड़ोसी राज्य पंजाब के लिए रवाना किया गया। यात्रा में शामिल साइकिलिस्ट को राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ अब्दुल कबीर डार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने इस यात्रा के साथ साथ ईट राइट मूवमेंट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग खानपान की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, जिस कारण उन्हें बीमारियों ने घेर लिया है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा राज्य के 22 जिलों से होती हुई कठुआ पहुंची है। करीब 1500 किलोमीटर की यात्रा के बाद अब इसे पड़ोसी राज्य के खाद्य सुरक्षा विभाग को सौंपा गया है। यात्रा नई दिल्ली में 27 जनवरी को संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, पोषण अभियान, स्वस्थ भारत यात्रा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश को सशक्त करने में जुटी हुई है। ऐसे में लोगों को भी इन कार्यक्रमों का लाभ लेना चाहिए।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि श्रीनगर और जम्मू में दो फूड टेस्टिंग लैब जल्द ही शुरू होंगी। इसके साथ ही हर जिला में मोबाइल फूड टेस्टिंग यूनिट होंगे। इसके साथ ही खाद्य और ड्रग टेस्टिंग लैब लखनपुर में बनाने के लिए राज्य प्रशासनिक परिषद सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में साफ और स्वस्थ खाने को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सकेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों को मौके पर ही उनके अपराध के लिए दंड दिया जाएगा।